हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 21 जून 2025

06 लेपटॉप लेने के लिए जिले के 1027 विद्यार्थियों ...



07 उपयंत्री की अनुपस्थिति में डाला सड़क का टॉप, कैसे ...





## मां राज-राजेश्वरी की स्थापना के साथ किया मीनाक्षी चौक का सौंदर्यीकरण

### नगर पालिका के प्रयास हो रहे सार्थक, शहर की बदल रही तस्वीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मीनाक्षी चौक का सौंदर्यीकरण और चौड़ीकरण नर्मदापुरम की नपाध्यक्ष नीतू महेन्द्र यादव का एक सपना था क्योंकि यह उनके वार्ड में भी स्थित है और शहर की हृदय स्थली भी है। यहां पर लगातार जाम लगता था और पब्लिक द्वारा पार्किंग और टर्निंग पाइंट की अत्यंत आवश्यकता थी। इन सबको ध्यान रखते हुए नपाध्यक्ष ने एक अभूतपूर्व कार्य कराया जिसमें मंदिर को स्थानांतरित कराकर एक भव्य मंदिर का रूप दिया और मांग राज-राजेश्वरी को नए मंदिर में विराजमान कराया। मीनाक्षी चौक शहर का हृदय माना जाता है यह शहर का सबसे व्यस्ततम इलाका है। यहां चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए 46 लाख 78 हजार का प्रावधान किया गया एवं व्यापारी और नागरिकों के लिए एक सुन्दर शौचालय का निर्माण भी कराया गया। विद्युत पोल शिफ्टिंग, पार्किंग मार्किंग एवं पेवरब्लॉक आदि से यह चौक शहर का सबसे सुन्दर चौक अब नजर आने लगा है। यह सब कार्य नपाध्यक्ष के कुशल नेतृत्व में किया गया।

### मीनाक्षी चौक का चौड़ीकरण था चुनौती : नपाध्यक्ष



नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव बताती हैं कि हम नगर विकास के कार्य लगातार कर रहे हैं। मीनाक्षी चौक का चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण कराना चुनौती था। जिसे हमारी टीम ने मिलकर किया। इस कार्य को मैं अपने जीवन का स्वर्णिम कार्य के रूप में मानती हूं। इस दौरान मां राज राजेश्वरी को भव्य मंदिर में विराजित कराकर स्वयं को भाग्यशाली मानती हूं। उनकी कृपा और आशीर्वाद से ही यह कार्य हम कर पाए। आज मीनाक्षी चौक शहर का सबसे सुन्दर चौक बन रहा है।

### जाम से दिलाया छुटकारा

मीनाक्षी चौक के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण किये जाने से सबसे बड़ी राहत असमय लगने वाले जाम की थी। मीनाक्षी चौक के चौड़ीकरण होने पर मुक्ति मिलेगी। वहीं आम नागरिक भी अपने वाहनों को आसानी से पार्किंग में खड़े कर पाएंगे। यातायात व्यवस्था भी व्यवस्थित रूप से संचालित हो सकेगी।

## एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए आज मनाया जाएगा योग दिवस

### शहर के नर्मदा महाविद्यालय में होगा मुख्य आयोजन, अतिथियों द्वारा किया जाएगा पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम





जिले में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग नर्मदापुरम द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग है। उक्त कार्यक्रम 21 जून 2025, को प्रातः 6:00 से 8:00 बजे तक प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, नर्मदा महाविद्यालय, नर्मदापुरम में आयोजित किया जाएगा। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम मुख्य अतिथि परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री म.प्र. शासन राव उदय प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि लोकसभा सांसद नर्मदापुरम नरसिंहपुर दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया की उपस्थिति में होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक नर्मदापुरम डॉ. सीतासरन शर्मा करेंगे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में विधायक सोहागपुर ठाकुर विजयपाल सिंह, विधायक सिवनीमालवा प्रेमशंकर वर्मा, विधायक पिपरिया ठाकुरदास नागवंशी, जिला अध्यक्ष भाजपा नर्मदापुरम प्रीति शुक्ला एवं अध्यक्ष नगरपालिका परिषद नर्मदापुरम नीतू महेन्द्र यादव भी उपस्थित रहेंगे। जारी कार्यक्रम अनुसार 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम प्रातः 6 बजे से पूर्व सभी सहभागी गण की उपस्थिति होगी, प्रातः 6 बजे अतिथि गण का आगमन और अतिथि गण द्वारा वृक्षारोपण किया जाएगा। प्रातः 6:5 बजे अतिथि गण का उद्बोधन होगा। प्रातः 6:30 से 7 बजे तक मुख्य कार्यक्रम के अतिथियों के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया जाएगा। तत्पश्चात प्रातः 7 से 7:45 बजे तक सामान्य योग प्रोटोकॉल का योगाभ्यास किया जाएगा। तथा प्रातः 7:50 बजे आभार एवं कार्यक्रम का समापन होगा।

### परिवहन व स्कूल शिक्षा मंत्री होंगे शामिल होंगे

प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा विभाग मंत्री राव उदय प्रताप सिंह 21 जून शनिवार को जिले के प्रवास पर रहेंगे। मंत्री राव 21 जून की प्रातः 06 बजे नर्मदापुरम महाविद्यालय में आयोजित 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक योग के कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंत्री राव प्रातः 10:30 बजे नर्मदापुरम से गाडरवारा के लिए प्रस्थान करेंगे।







## खबर संक्षेप



### वेयरहाउस से 2 लाख 85 हजार की शराब जब्त, आरोपी फरार

**बैतूल।** आबकारी विभाग द्वारा शराब माफियाओं के खिलाफ लगातार ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। जिले में अवैध शराब के भंडारण और बिक्री पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में विभाग ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। अपना ढाबा के पीछे बने वेयरहाउस पर छापेमारी कर बड़ी मात्रा में शराब जब्त की गई है। यह कार्यवाही जिला आबकारी अधिकारी अंशुमान सिंह चढार के मार्गदर्शन में तथा कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देश पर की गई। विभाग को सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम अनकावाड़ी स्थित अपना ढाबा के पीछे बने एक वेयरहाउस में अवैध रूप से शराब छिपाकर रखी गई है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए आबकारी विभाग की टीम ने मौके पर दबिश दी। दबिश के दौरान पता चला कि यह वेयरहाउस दीपक पटने के नाम पर है, जो मौके से फरार हो गया। तलाशी में वेयरहाउस से देशी और विदेशी मदिरा की कुल 39 पेटियां बरामद की गईं। इन पेटियों में कुल 366.24 लीटर शराब भरी हुई थी, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत 2 लाख 85 हजार 540 रुपये बताई जा रही है। जब विभाग ने वेयरहाउस में मौजूद व्यक्तियों से शराब के संबंध में दस्तावेज मांगे, तो कोई वैध हिसाब-किताब प्रस्तुत नहीं किया जा सका।

### स्टॉप डैम में डूबने से दो बालकों की मौत

**मुलताई।** पट्टन ब्लाक के निकटतम ग्राम सावंगी से एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जिसमें स्टॉप डैम में डूबने से दो बालकों की मौत हो गई दोनों बालक आपस में चचेरे भाई बताए जा रहे। हैं घटना के बाद संपूर्ण ग्राम में मातम पसरा है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सावंगी निवासी माधवराव मोगरकर का पुत्र रवि उर्फ पप्पू 12 साल और माधवराव के भाई शेषराव का पुत्र कौस्तुभ 10 साल परिजनों को बिना बताए खेत के पास बने स्टॉप डैम चले गए बताया जा रहा है कि दोनों बालक नहाने के लिए डैम में उतरे और गहरे पानी में डूब गए। दोनों बालक माता-पिता के ईकलौते पुत्र थे। वही रवि चार बहनो का एकलौता भाई था ।मृतक बालक कौस्तुभ के पिता शेषराव मोंगरकर ने बताया गुरुवार को सुबह वह और उनका भाई माधवराव परिवार सहित जंगल किनारे स्थित खेड़ीढाना के कमानी गेट के पास वाले खेत में बुवाई के लिए गए हुए थे और दोनों बच्चे खेल रहे थे। खेलते खेलते दोनों बच्चे कब डैम के पास पहुंच गए पता ही नहीं चला। दोपहर में भोजन करने के लिए बच्चों को देखा तो नहीं दिखे। खेत के आसपास आवाज भी दी लेकिन कही दिखाई नहीं दिए तो खेत के पास ही बने स्टाप डैम के पास जाकर देखा। तो वहां दोनों बच्चों के कपड़े और चप्पल पड़ी मिली।संदेह होने पर ग्रामीणों की सहायता से लगभग 12 फीट गहरे स्टाप डेम के पानी में उतरकर देखा तो पानी में कौस्तुभ का शव मिला। रवि को ढूंढने की कोशिश की लेकिन शव नहीं मिलने पर एसडीआरएफ टीम की मदद से शुक्रवार को तलाश की। टीम ने शुक्रवार को रवि का शव पानी से बाहर निकाला ।

## शिक्षा विभाग ने 1 अपात्र को हटाया, 2 विद्यार्थियों के नाम जोड़े

# लेपटॉप लेने के लिए जिले के 1027 विद्यार्थियों को मिलेंगे 25-25 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार ने 75 फीसदी से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को लेपटॉप और स्कूटी देने की योजना शुरू की है। लेपटॉप योजना के लिए जिले के 1027 विद्यार्थी चयनित हुए है, शिक्षा विभाग द्वारा लेपटॉप के लिए 25-25 हजार रूपये की राशि मिलेगी।

माध्यमिक शिक्षा मंडल से जिले के 75 फीसदी से ज्यादा अंक वाले छात्र-छात्राओं की सूची मिली है। जिसके अंतर्गत जिले के शासकीय व अशासकीय हायर सेकंडरी स्कूलों के 1128 छात्र-छात्राओं को लेपटॉप खरीदने के लिए 25-25 हजार रुपए राशि मिलेगी। ये राशि सीधे छात्रों के बैंक खातों में आएगी। इस लिहाज से जिले में 1027 छात्रों को करीब 2 करोड़ 56 लाख रुपए की राशि जारी होगी। दरअसल मध्यप्रदेश सरकार द्वारा कक्षा 12वीं में 75 फीसदी से ज्यादा अंकों के साथ उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं को लेपटॉप देने की योजना वर्ष 2010 में शुरू की गई थी। जिसके बाद हर साल छात्र-छात्राओं को सरकार द्वारा लेपटॉप खरीदने के लिए 25-25हजार रुपए की राशि दी जाती है। इस वर्ष भी कक्षा बारहवीं में 75 प्रतिशत अंक या अधिक लाने वाले छात्रों को लेपटॉप की राशि 25-25 हजार रुपए दी जाएगी। इसको को लेकर शिक्षा विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है।

### शिक्षा मंडल से मिली 1028 विद्यार्थियों की सूची

माध्यमिक शिक्षा मंडल से जिले के 75 फीसदी से ज्यादा अंक वाले छात्र-छात्राओं की सूची मिली है। जिसके अंतर्गत जिले के शासकीय व अशासकीय हायर सेकंडरी स्कूलों के 1028 छात्र-छात्राएं शामिल है, लेकिन इसमें से 1 विद्यार्थी अपात्र होने पर उसका नाम सूची से हटाया गया है, वहीं दो अन्य विद्यार्थियों के नाम सूची में जोड़े गये है। इन विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम बाद में आया। जिसके कारण यह मंडल की सूची में शामिल नहीं हो पाये थे। अब परीक्षा परिणाम आने और लेपटॉप योजना के नियमानुसार इन विद्यार्थियों को भी लेपटॉप योजना में शामिल किया जा रहा है। जिसकी सूची शिक्षा विभाग ने भेजी है।

### विद्यार्थियों के खातों का किया जा रहा अपडेशन

शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों के खातों का अपडेशन किया जा रहा है। सभी छात्रों के खातों का अपडेशन भी हो गया है। जिले के 1027 विद्यार्थियों के खाते में यह राशि जल्द ही जारी की जाएगी। कक्षा 12 वीं में जिले के स्कूल में टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को शासन स्तर से स्कूटी दिए जाने की भी योजना बनाई गई है। हालांकि स्कूटी योजना में कुल कितने विद्यार्थी शामिल होंगे और क्या-क्या नियम है, इसके संबंध में अभी शिक्षा विभाग आदेश नहीं मिले हैं, लेकिन छात्र-छात्राओं की जानकारी जुटाई जा रही है। जिले में पिछले वर्ष 247 विद्यार्थियों को स्कूटी मिली थी, जबकि इस बार अनुमानित 247 से 250 विद्यार्थियों को स्कूटी मिलने की उम्मीद है।

### पिछले सत्र से कम विद्यार्थी

इस बार जिले में 1027 विद्यार्थियों को लेपटॉप के लिए 25-25 हजार रुपए की राशि मिलेगी। जबकि वर्ष 2024 में 1192 छात्र-छात्राएं इसके लिए पात्र थे, लेकिन इस बार 68 बच्चों की संख्या कम है। इसका कारण ये है कि इस बार जिले में पिछले वर्ष की तुलना में 75 प्रतिशत से अधिक परीक्षा परिणामों वाले विद्यार्थियों की संख्या कम रही है। हालांकि परीक्षा परिणाम पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर रहा है। लेकिन 75 फीसदी से अधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या इस वर्ष कम है। जिसके कारण इस वर्ष जिले के कुल 1027 छात्र-छात्राओं को ही लेपटॉप की राशि मिलेगी।

### इनका कहना है

कक्षा 12 वीं में 75 फीसदी से ज्यादा अंक वाले बच्चों को लेपटॉप के लिए 25- 25 हजार रुपए की राशि जारी होगी। ऐसे विद्यार्थियों की संख्या जिले में 1027 है। स्कूटी के लिए जानकारी जुटाई जा रही है।

**अनिल कुशवाह,** डीईओ, बैतूल

## 3 चोरियों का किया खुलासा

# चार आरोपी गिरफ्तार, 4.93 लाख से अधिक का माल जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कोतवाली पुलिस ने चोरी के 3 मामलों का खुलासा करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से लगभग 1,33,210 मूल्य का तांबे का स्क्रैप, केवल वायर, बिजली वायर एवं घटना में प्रयुक्त तीन स्कूटी अनुमानित कीमत 3,60,000 सहित कुल 4,93,210 का माल बरामद किया गया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 16 अप्रैल 2025 को मंचित पिता शंकरराव कुम्भारे निवासी खेड़ी सावलीगढ़ ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी दुकान से मोटर पंप से निकले करीब 50 किलो तांबे के तार (स्क्रैप) अज्ञात चोर चोरी कर ले गए।

इस संबंध में थाना कोतवाली में धारा 305(ए) बीएनएस के अंतर्गत अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। वहीं 16 अगस्त 2024 को फरियादी आतिश पिता शिवप्रसाद सोनी, निवासी चिरायु अस्पताल, बैतूल ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट की कि निर्माणाधीन चिरायु अस्पताल परिसर से अज्ञात चोरों द्वारा हेवल्स कंपनी के 08 बंडल कॉपर वायर, जिनकी अनुमानित कीमत 86,960 है, चोरी कर लिए गए। इस मामले में धारा 303(2) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया। चोरी की तीसरी शिकायत फरियादी वीजेन्द्र पिता उमा नारायण अवस्थी निवासी कोठी बाजार बैतूल ने दर्ज कराई थी कि उनके निर्माणाधीन पेट्रोल पंप (गौठाना) से 30 मीटर हेवल्स कंपनी का कॉपर वायर कीमत 11,250 अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। इस संबंध में धारा 380 भादवि के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। संदेह के आधार पर नितिन विश्वकर्मा पिता दिलीप विश्वकर्मा निवासी भारत भारती, पवन उर्फ प्रवीण विश्वकर्मा पिता शिवप्रसाद विश्वकर्मा निवासी खंजनपुर, रितिक विश्वकर्मा पिता सुभाष विश्वकर्मा निवासी भारत भारती और सूरज उर्फ एलियन भावसार पिता तुलाराम भावसार निवासी खंजनपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिनके कब्जे से चोरी गया माल एवं स्कूटी बरामद की गई।

## जिले में मानसून की शुरुआत, तरबतर हुए गलियारे

# बारिश से मौसम में घुली ठंडक, गिरा पारा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल जिले में मानसून की शुरुआत हो गई है। गुरूवार शाम बारिश होने के बाद शुक्रवार दोपहर को फिर तेज बारिश हुई। जिससे मौसम में ठंडक घुल गई। वहीं तापमान कम हुआ है। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। गुरुवार शाम से शुरू हुई बारिश में शुक्रवार तक 3.2 मिमी दर्ज की गई है। जिले में सबसे ज्यादा बारिश मुलताई में 27.4 मिमी रिकॉर्ड की गई। गुरुवार को दिन भर तेज धूप रही। लेकिन शाम को हुई बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक अगले तीन दिन यानि शनिवार को मध्यम हल्की बारिश होगी। वहीं रविवार और सोमवार को थोड़ी तेज बारिश की संभावना है। बारिश और नमी के कारण तापमान में भी गिरावट आई है। अधिकतम तापमान 28 डिग्री के आसपास है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, इस बार मानसून की शुरुआत हल्की बारिश के साथ हुई है। आने वाले दिनों में मानसून की गति बढऩे की संभावना है। बैतूल शहर के साथ शाहपुर, सारनी, आमला और भीमपुर में भी हल्की बारिश हुई।

## शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य

# खुशहाल और तनावमुक्त जीवन का मुख्य आधारः ब्रह्मकुमारीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




योग सार्वभौमिक चेतना के साथ व्यक्तिगत चेतना के मिलन का भी प्रतीक है, जो मन और शरीर, मानव और प्रकृति के बीच एक पूर्ण सामंजस्य का संकेत देता है। योग के अभ्यास का उल्लेख ऋग्वेद और उपनिषदों में भी मिलता है।

ब्रह्माकुमारी के स्थानीय सेवा केंद्र भाग्य विधाता भवन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम का शुक्रवार को आयोजन किया गया। जिसमें बीके पूर्णिमा बहन ने सभी को योग का महत्व बताते हुए शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मन को खुशहाल एवं सशक्त बनाने के लिए राजयोग मेडिटेशन का महत्व बताते हुए कहा कि योग आध्यात्मिक, शारीरिक और मानसिक प्रथाओं का एक समूह है जिसकी उत्पत्ति प्राचीन भारत में हुई थी। योग का शाब्दिक अर्थ है जोडऩा। योग शारीरिक व्यायाम, शारीरिक मुद्रा (आसन), ध्यान, सांस लेने की तकनीकों और व्यायाम को जोड़ता है। इस शब्द का अर्थ ही ह्ययोगह्न या भौतिक का स्वयं के भीतर आध्यात्मिक के साथ मिलन है। कार्यक्रम मे उपस्थित सभी लोगों को कमलेश देवकते ने अनेक प्राणायाम और योगासनों का अभ्यास कराया।

## 40 हजार का गांजा जब्त

# पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के तस्कर आरोपी को गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कोतवाली पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि फोरलेन हाईवे रोड टिगरिया जोड़ यात्री प्रतीक्षालय जामठी के पास एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा बेचने की नीयत से खड़ा है।

सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम नसीम खान पिता जमील खान, निवासी चक्कर रोड, गौतम नगर, सोनाहिल कॉलोनी बैतूल बताया। नसीम खान के कब्जे में रखे कैरी बैग की तलाशी लेने पर उसमें से करीबन 2.145 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ (गांजा) जिसकी कीमत लगभग 40,000 है, बरामद किया गया। आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर थाना कोतवाली में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उक्त गांजा गुन्ता बाई निवासी इंदिरा कॉलोनी बैतूल से खरीदा गया था। प्रकरण में गुन्ता बाई की तलाश जारी है। इस कार्वाही में निरीक्षक रविकांत डेहरिया, उप निरीक्षक बसंत अहाके, उप निरीक्षक राकेश सरयाम, सउनी. जगदीश नावरे, प्र.आर. अभिजीत, प्र.आर. महेंद्र, प्र.आर. शिव कुमार, आर. नितिन चौहान, आर. संदीप भलावी, आर. दिनेश, आर. प्रदीप, आर. अनिल की सराहनीय भूमिका रही।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे को कर रहे बुलंद अनिल यादव




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बेटी के नाम घर की पहचान, डिजिटल इंडिया विथ लाडो अभियान के तहत घर-घर बेटियों के नाम की नेम प्लेट लगाई जा रही है, और साथ ही देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, एवं स्वच्छ भारत अभियान का संदेश नेम प्लेट के माध्यम से लगातार बैतूल के एक युवा द्वारा दिया जा रहा है। इनके द्वारा बेटा बेटी के भेदभाव को खत्म करने के लिए बेटियों का प्रथम गृह प्रवेश भी धूमधाम से करवाया जाता है आज लाडो फाउंडेशन टीम शहर के सदर में भगत सिंह वार्ड पहुंची, जहां पिता लोकेश राठोर, माता जयश्री राठौड़ की 3 महीने की बेटी रोही के नाम की नेम प्लेट लगाई गई। इस अवसर पर परिजनों में खुशी का माहौल देखने को मिला। सभी ने सदर क्षेत्र के निवासी युवा समाजसेवी अनिल यादव द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान की भूरी भूरी प्रशंसा की। इस मौके पर बेबी रोही की दादी ममता राठौर ने कहां, कि यह अभियान बहुत प्रेरणादायक है जो समाज को एक नई प्रेरणा देता है। इस मौके पर रोही के बड़े पापा अंकुश राठौड़, बड़ी मम्मी रितु राठौर, बुआ आरती, रूपा, रानी सहित परिजन मौजूद थे।

# घोड़ाडोंगरी विधायक ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में लिया भाग

## जल संरक्षण और नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर

नगरपरिषद शाहपुर में माचना तट पर जय गुरुदेव उत्थान संस्थान द्वारा आयोजित एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जल संरक्षण, गंगा संवर्धन अभियान और नशा मुक्ति कार्यक्रम में घोड़ाडोंगरी विधायिका श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उइके शामिल हुईं।

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष रोहित विक्की नायक, जिला समन्वयक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद प्रिया चौधरी, मीनाक्षी शुक्ला जिला अध्यक्ष बैतूल, अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया और नशा मुक्ति के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया गया। साथ ही स्वच्छता अभियान के तहत शपथ भी ली गई। कि अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। इसमें पार्षद एवं मंडल अध्यक्ष नीतू शक्ति गुप्ता , मां माचना उत्सव समिति अध्यक्ष कमल परसाई, आदि मौजूद थे।

# रेत, गिट्टी कर अवैध परिवहन करते 1 ट्रैक्टर, 2 डंपर जब्त



**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत खनिज विभाग बैतूल द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 19 जून को गौण खनिजों के अवैध परिवहन पर कार्यवाही करते हुए वाहनों को जप्त कर पुलिस थानों की अभिरक्षा में खड़ा किया गया है। खनिज विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए 01 ट्रेक्टर बिना नंबर सोनालिका को खनिज रेत के अवैध परिवहन करने पर एवं 01 वाहन डम्पर कमांक एमपी 48 एच 1264 को बिना रॉयल्टी के खनिज गिट्टी का परिवहन करने पर पुलिस थाना गंज बैतूल की अभिरक्षा में खड़ा किया गया है। वहीं, 01 वाहन डम्पर क्रमांक एमपी 09 डीई 8319 को बिना रॉयल्टी के खनिज गिट्टी का परिवहन करने पर जप्त कर पुलिस थाना बैतूल बाजार में है। अवैध परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध मध्यप्रदेश अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण नियम 2022 के प्रावधानों के तहत प्रकरण न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल में प्रस्तुत किया जा रहा है।

# नि:शुल्क हेलमेट लेने उमड़ा जनसैलाब

## विवो कंपनी ने बांटे दो सैकड़ा हेलमेट



**बैतूल।** देश की प्रसिद्ध मोबाइल कंपनी विवो मोबाइल ने सामाजिक सरोकार अभियान को आगे बढ़ाते हुए लोगों का जीवन बचाने के लिए सीएसआर के तहत शुक्रवार को बैतूल में 200 बाइक सवारों को नि:शुल्क हेलमेट वितरित किए। कार्यक्रम शहर के नेहरू पार्क चौराहे पर आयोजित किया गया। जिसमें नि:शुल्क हेलमेट लेने के लिए बड़ी संख्या में बाइक सवार पहुंचे और उन्होंने अपना रजिस्ट्रेशन कराकर हेलमेट प्राप्त किया और उसे लगाकर चलने का संकल्प भी लिया। इस मौके पर बैतूल एसडीओपी शालिनी परस्ते, ट्रफिक प्रभारी गजेंद्र केन, वरिष्ठ पत्रकार बलवंत धोटे, पत्रकार कल्याण परिषद के महासचिव वरिष्ठ पत्रकार संजय द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार मयूर भार्गव एवं राजेश भाटिया, घनश्याम राठौर, साहिल राठौर, कंपनी के अधिकारी जोनल सेल्स मैनेजर प्रसून्न पाठक, प्रमोशन डिपार्टमेंट से वैभव पाटनी, विवो मोबाइल्स के डिस्ट्रीब्यूर लीलेश कालू कपूर एवं अंकुर सेनानी सहित मोबाइल विक्रेता अमित बोथरा, संदीप तलेड़ा, प्रवीण राठौर, अशोक तलेड़ा अखिलेश चौकीकर आदि मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीओपी शालिनी परस्ते ने कहा कि एक्सीडेंट के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में हेलमेट लगाना बहुत जरूरी हो गया है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आज जगह-जगह किए जाएंगे आयोजन



**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारनी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करेगी। इस अवसर पर सभी 36 वार्डों के आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यक्रम होंगे। मुख्य कार्यक्रम मंगल भवन सारनी में सुबह 5.45 बजे से आयोजित होगा। इसे लेकर अधिकारी, कर्मचारियों की बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मंगल भवन सारनी में सुबह 5.45 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार एवं समस्त पार्षदगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा वार्ड स्तर पर भी कार्यक्रम आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित किए जाएंगे। सुबह 6 बजे से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एल ई डी स्क्रीन के माध्यम से किया जाएगा। सभी कार्यक्रम स्थल पर सामूहिक रूप से योग भी करेंगे। इसे लेकर शुक्रवार को दोपहर 2 बजे से नगर पालिका परिषद सारनी में अधिकारी कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया गया। इसके बाद उन्हें योग का प्रशिक्षण भी दिया गया।

## पौधरोपण कर विकास की सौगात

# विधायक खंडेलवाल ने किया 7 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण

**बैतूल।** आठनेर नगर परिषद क्षेत्र में शुक्रवार 20 जून को लगभग 7 करोड़ रुपये लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक हेमंत खंडेलवाल और भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार द्वारा किया गया। निर्माणाधीन पार्क में पौधारोपण भी किया गया। विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आठनेर क्षेत्र में विकास कार्यों में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्त्वपूर्ण योजनाएं नगर और ग्राम स्तर तक पहुंचने से आठनेर नगर भी शहरों की तर्ज पर विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा कि विधायक निधि से नगर को ऑडिटोरियम सहित कई सौगातें दी गई हैं। मुख्यमंत्री शहरी संरचना विकास योजना के अंतर्गत चतुर्थ चरण में सीसी रोड चौड़ीकरण, डिवाइडर निर्माण, अमृत 2.0 जलपरी योजना, कायाकल्प योजना, स्वच्छ भारत मिशन योजना, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण तथा वार्डों में डामरीकरण कार्यों का भूमि पूजन किया गया। अमृत परियोजना के अंतर्गत 24 घंटे जल प्रदाय सुनिश्चित करने के लिए 33 केवी विद्युत कनेक्शन का भी लोकार्पण किया ।

## मुख्य अतिथि होंगी मॉडल विद्या

# आज जन परिषद भौरा चैप्टर का स्थापना दिवस समारोह



**भौरा।** जन परिषद भौरा चैप्टर का स्थापना दिवस समारोह आज 21 जून शनिवार को पटेल वार्ड रिद्धि ऋद्धि गणेश मंदिर में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा, जिसमें दुबई की इंटरनेशनल मॉडल, बी यूनिक इंटरनेशनल मिसेज दुबई, मोस्ट पॉपुलर फेस ऑफ अबू धाबी एवं लोकप्रिय रनवे मॉडल व एक्ट्रेस सुश्री विद्या जोशी पटेल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगी। जन परिषद भौरा चैप्टर के अध्यक्ष कैलाश प्रसाद अग्निहोत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि भौरा के इतिहास में यह दूसरी बार होगा जब अंतरराष्ट्रीय फैशन जगत से जुड़ी कोई नामचीन हस्ती यहां आ रही हैं। इससे पहले मॉडल हेमा बेजल भी भौरा पधार चुकी हैं। विद्या जोशी का आगमन क्षेत्रवासियों के लिए एक प्रेरणादायी अनुभव होगा।

## संक्षेप खबर

### योग दिवस पर अंबेडकर भवन में होगा आयोजन

**माखन नगर**।अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को अंबेडकर भवन में योगा का कार्यक्रम किया जा रहा है। मुख्य नगर परिषद अधिकारी जीएस राजपूत ने बताया शनिवार को सुबह 6:00 बजे योगा जिसमें कार्यक्रम होगा जिसमें अधिकारी कर्मचारी नगर के गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि शामिल होकर योग करेंगे।

### आज 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजन

**सोहागपुर**। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आज 21 जून को सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सोहागपुर नगर परिषद से राजस्व शाखा प्रभारी संजय परसाई ने बताया कि 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग कार्यक्रम निकाय के अटल उद्यान में होगा। परसाई ने बताया कि सुबह छह बजे यह आयोजन प्रारंभ होगा। जिसमें समस्त जनप्रतिनिधि, अधिकारी गण व कर्मचारियों सहित योग शिक्षक व आमजन उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा अन्य शासकीय व निजी संस्थानों में भी योग प्रस्तुति आयोजन होंगे। विदित हो कि जिले भर में योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

### नप जनप्रतिनिधियों की भी नहीं सुन रहे ठेकेदार, आखिरकार कौन जिम्मेदार?

# उपयंत्री की अनुपस्थिति में डाला सड़क का टॉप, कैसे मूल्यांकन करेंगे उपयंत्री?

सोहागपुर नप में कार्यरत बाहरी ठेकेदारों की मनमानी से शहर में गुणवत्ताहीन कार्य हो रहे हैं। यहां तक कि प्रभावी ठेकेदार नप के जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की भी नहीं सुनते हैं। प्रमाण रूप में हालिया बनी कायाकल्प रोड शहर के सामने है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नागरिकों के अनुसार कायाकल्प सड़क का निर्माण स्टेट हाईवे के चौड़ीकरण के लिए किया गया है। जो हाईवे के दक्षिण पूर्व में बनाई गई है। वैसे तो सड़क की लंबाई लगभग 600 मीटर से अधिक थी। लेकिन इसका छोटा सा एक हिस्सा भोपाल के किसी ठेकेदार ने बनाया है। लेकिन सड़क बनाने में लापरवाही की गई है। निर्माण जानकारों के अनुसार बेस पर रोलर ना चलाकर वाईब्रेटर चलाया गया। संभावना है कि यह स्थिति सड़क की गुणवत्ता को भविष्य में प्रभावित कर सकती है। वहीं नागरिकों को मुख्य रूप से इस बात की आपत्ति है कि नप के उपयंत्री की अनुपस्थिति में सड़क का टॉप डाला गया। हरिभूमि ने सोहागपुर नगर परिषद में पदस्थ उपयंत्री आरके खानुरकर से भी पिछले दिनों मामले में सवाल किए थे। लेकिन खानुरकर के जवाब संतोषजनक थे। ना ही उपयंत्री महोदय की उपस्थिति सोहागपुर नप कार्यालय में हो पा रही है कि उनसे प्रत्यक्ष बैठकर सवाल किया जा सके।

#### बारिश ने की तराई

नागरिकों का कहना है कि ठेकेदार के कर्मचारियों ने सड़क की तराई भी उचित रूप से नहीं की। लेकिन बारिश ने इस गलती पर परदा डाल दिया है। इधर नागरिकों के अनुसार गत सप्ताह तक तीखु गर्मी का दौर सोहागपुर क्षेत्र में रहा है। एवं सड़क पूर्ण होने के बाद दो सप्ताह में दो तीन चार बार ही तराई की गई है। अतः सड़क की गुणवत्ता पर नागरिकों ने सवाल खड़े किए हैं। नागरिकों के अनुसार अब आवश्यक है कि विधायक विजयपाल इस मामले में दखल दें। तथा नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीणा भी नगर परिषद की व्यवस्था से सवाल करें कि उपयंत्री की अनुपस्थिति में रात्रि में सड़क के टॉप कैसे डाले गए।

## धरती आबा अभियान में शिविर से लोगों को बताई योजनाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

प्रधानमंत्री जनजातीय उत्कृष्ट ग्राम अभियान धरती आबा अभियान का आयोजन कलेक्टर व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में चयनित ग्राम पंचायत में 15 जून से 30 जून तक किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत ग्राम सिंहपुर में शिविर का आयोजन किया गया।

इसमें शासन की द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं के कुल 43 आवेदन प्राप्त किए गए जिसमें पेंशन 03, आवास योजना संबंधित 05, जाति प्रमाण पत्र संबंधित 05, कृषि विभाग संबंधित 01, PHE 01,पशुपालन विभाग 28 के आवेदन प्राप्त हुए एवं ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया एवं उनका समाधान किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री परनामे, सरपंच नरेंद्र मालवीय उपस्थित रहे।

इसमें जनजातीय कार्य विभाग से रमन गोस्वामी, सुनील जोठे, उर्मिला कुमरे, अनीता पठारिया, एडीईओ सृष्टि गोस्वामी, दीपसिंह राजपूत(सहायक ग्रेड 3),आनन्द शर्मा(कंप्यूटर ऑपरेटर सामाजिक न्याय विभाग), कृष्णकुमार सराठे एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### संदर्भ इटारसी पुस्तक का विमोचन समारोह आज

**इटारसी**। इटारसी नगर के इतिहास, कला, खेलकूद, संस्कृति, धार्मिक जानकारी सहित ऐसे विभिन्न व्यक्तियों का जीवन परिचय जो इस शहर में पैदा हुए एवं जिन्होंने प्रदेश एवं देश में इटारसी का नाम रोशन किया है। जिसमें शिक्षा, समाज सेवा, खेल, राजनीति क्षेत्र के व्यक्ति की पूरी जानकारी संदर्भ इटारसी पुस्तक में शामिल है। जिसका विमोचन कार्यक्रम द पार्क रिसोर्ट इटारसी नर्मदापुरम रोड पर 21 जून की सायंकाल 4:00 बजे प्रारंभ होगा। पुस्तक के लेखक जिले के वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद पगारे है। विमोचन समारोह के अवसर पर कुछ विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा। जिनमें फिल्म क्षेत्र से जुड़े राहुल चेलानी, अंतरराष्ट्रीय हास्य कवि राजेंद्र मालवीय, प्रशासनिक सेवा से संयुक्त कलेक्टर कुमारी निकिता तिवारी, फिल्म प्रोड्यूसर मुंबई से भोलाराम मालवीय, स्टेट न्यूज ब्यूरो चीफ संदीप भम्मरकर, वरिष्ठ पत्रकार पंकज पटेरिया, खेल क्षेत्र से सॉफ्टबॉल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं कोच आलोक चौधरी, प्रशासनिक सेवा के लिए चयनित मोनू शर्मा आदि शामिल होंगे।

**रोगी कल्याण समिति डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय इटारसी जिला होशंगाबाद म.प्र.**

// आम सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि डॉ श्यामप्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय इटारसी के अंतर्गत रोगी कल्याण समिति की पुराने शापिंग काम्पलेक्स की दुकान नं. 15 अनिल यादव आत्मज इन्दर सिंह यादव निवासी मालवीयगंज इटारसी के नामांतरण हेतु विनोद कसार आत्मज सुरेश प्रसाद कसार निवासी न्यास कालोनी इटारसी द्वारा कार्यालय मे आवेदन प्राप्त हुये है जिनके नामांतरण की कार्यवाही की जाना है इस संबंध मे लेख है कि यदि किसी व्यक्ति / आमजन / अथवा संस्था / निकाय को उक्त दुकान के नामांतरण किये जाने मे कोई आपत्ति है तो वह कार्यालय मे 07 दिवस मे लिखित रूप से अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के प्रस्तुत करे। 07 दिवस के बाद दुकान का नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

सचिव/अध्यक्ष
डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय इटारसी म.प्र.

## गधे को माला पहनाई गुलाब जामुन खिलाई, किया अनूठा विरोध प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर की संस्था नगर पालिका सीएमओ एवं जिला प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से अवगत करवाते आ रही है, परंतु अधिकारियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ते देख श्री समर्पण श्री द्वारा द्वारा अनूठे तरीके से नगरपालिका सीएमओ के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें गधे को माला पहनाकर एवं गुलाब जामुन खिलाकर विरोध किया गया।

कार्यकर्ताओं ने बताया कि आज शहर की जो हालत है वो विगत कई वर्षों में नहीं हुई नगरपालिका में शिकायतों का अंबार लगा हुआ है लेकिन मजाल है कि उन शिकायतों का निराकरण हो जाए, शहर में मच रही गंदगी के कारण शहर की जनता बीमार पड़ रही है, न साफ सफाई है, न नाले साफ हो रहे है, मृत मवेशियों को खुले में फेंका जा रहा है जिससे वार्ड की जनता परेशान है।

नालियों में मच रही गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप इतना है कि हर घर में कोई न कोई व्यक्ति बीमार है। इस दौरान संस्था के स्वदेश सैनी, सुमित सैनी, राज खिल्लारे, विशाल चावरिया, अयान कुरैशी, संदीप खिल्लारे, दीपक मंदरे,रितेश मालवीय, अमित मीना, सागर सिंह, शिवांश लोवंशी, अंश राजपूत, ऋषभ निगोटे, रोहन यादव, राकेश धाकड़, गौरव आदि मौजूद थे।

### सोपास करेगा जिले की प्रतिभाओं का सम्मान

**नर्मदापुरम**। समिति का प्राइवेट स्कूल डायरेक्टर्स मध्य प्रदेश के नर्मदा पुरम जिले में जिले के 10वीं 12वीं के टॉपर बच्चों का सम्मान कार्यक्रम 26 जून को रखा गया है जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष आलोक राजपूत ने बताया कार्यक्रम में प्रदेश के मेरिट में आए हाई स्कूल हायर सेकेंडरी के साथ स्टेट बोर्ड और सीबीएसई बोर्ड के हाई स्कूल हायर सेकेंडरी के 10-10 टाप विद्यार्थियों के साथ ब्लॉक के प्रत्येक विद्यालय के दसवीं के टॉपर एवं 12वीं के 75% से अधिक अंक प्राप्त लैपटॉप प्राप्ति वाले विद्यार्थियों का सम्मान गरिमामय कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में सांसद दर्शन सिंह चौधरी के साथ सभी विधायक की उपस्थिति में होगा। शुक्रवार को ग्रीन सिटी गार्डन में कार्यक्रम की रूपरेखा निर्धारण करने के लिए सोपास जिले की कोर टीम की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा एवं जिम्मेदारियां का निर्धारण किया गया।

## विकसित भारत संकल्प सभा ग्रामीण मंडल ने संकल्प सभा का आयोजन किया


हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




विकसित भारत संकल्प सभा ग्रामीण मंडल द्वारा संकल्प सभा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख वक्ता सांसद दर्शन सिंह चौधरी, पूर्व विधायक ओम रघुवंशी, कुशल पटेल, मप्र पीयूष शर्मा, जय किशोर चौधरी, योगेंद्र राजपूत, राजेश तिवारी, अखिलेश खंडेलवाल, ज्योति, वंदना दुबे, नागेंद्र तिवारी, गोकुल पटेल एवं दिनेश मीणा, विनोद वर्मा, हिमाचल सिंह, मनोज चौरे, राजेंद्र मीणा, महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि प्रीति चिरगानिया, कुलदीप पटेल, बसंत कीर, अजय सिंह तोमर संजय सिंह तोमर, दुलीचंद सरपंच साहब, राजेंद्र मीणा, चिमन पटेल, कृपाराम फौजदार, ओमप्रकाश पटेल ,राजेश पाल, अनिल चौरे, सरपंच खुशी लाल सरपंच साहब, नवनीत नीतू मलैया, बृजेश चौधरी, अन्नू भैया , बसंत कीर मेहराघाट, सोनू निमोद, मनोज बनिया, बालेंद्र पटेल सरपंच, जयप्रकाश सोनी, डालचंद गौर, राघवेंद्र वर्मा ,महेश अहिरवार, दुलीचंद कीर सरपंच ताल नगरी, दिनेश मीणा, के कार्यकर्ता शक्ति केंद्र के संयोजक सभी देव तुल्य कार्यकर्ता संकल्प सभा में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन नवनीत नीतू मलैया ने किया, स्वागत भाषण भाषण मंडल अध्यक्ष गोकुल पटेल ने दिया, कार्यक्रम का आभार मंडल महामंत्री हिमाचल सिंह चितौरिया ने किया।

### खिला पुष्पों का राजा- दुर्लभ ब्रह्म कमल



**सोहागपुर**। हिमालय पर्वत पर पाया जाने वाला ब्रम्हकमल पुष्प आकर्षक होता है तथा फूल प्रजाति का राजा माना जाता है। सोहागपुर में यह ब्रह्मकमल गुरुवारवार रात युवा सामाजिक कार्यकर्ता अंकित कुबरे के निवास पर खिला। अंकित कुबरे ने बताया कि खिले पुष्प के दर्शन करने नागरिक पहुंचे। वहीं अंकित के परिजनों ने पुष्प का विधिवत पूजन भी किया। जानकार बताते हैं कि ब्रम्हकमल पुष्प खिला वर्ष में एक बार ही खिलता है। और इसी कारण ब्रह्मकमल के दर्शन करने कई नागरिक कुबरे निवास पहुंचे।

### आरोग्य भारती कराएगी योगाभ्यास

**नर्मदापुरम**। अन्तराष्ट्रीय योग दिवस पर आरोग्य भारती मध्यभारत प्रान्त की जिला इकाई द्वारा योगाभ्यास का आयोजन नर्मदा अपना अस्पताल प्रांगण स्थित तपोवन में 21 जून 2025 को प्रातः 8:00 बजे किया जाएगा। आरोग्य भारती मध्यभारत प्रान्त के अध्यक्ष डॉ राजेश शर्मा के मार्गदर्शन में इस योगाभ्यास शिविर का आयोजन हो रहा है जिसमे जीवनशैली जन्य विभिन्न रोगों जैसे बीपी शुगर, माइग्रेन, हार्ट प्रॉब्लम आदि के योग प्राणायाम व ध्यान के माध्यम से निदान के विषय मे विस्तार से बताया जाएगा। ज्ञात हो कि आरोग्य भारती राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विचार परिवार का संगठन है जो स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। 24 आयाम जिसमे औषधीय पौधों का रोपण, महिलाओं का स्वास्थ्य, चिकित्सा विद्यार्थी कार्य , आध्यात्मिक स्वास्थ्य जैसे आमजन के स्वास्थ्य से जुड़े विषय हैं को लेकर आरोग्य भारती द्वारा कार्य किया जा रहा है। आरोग्य भारती एक व्यक्ति सम्पूर्ण स्वास्थ्य के लिए कार्य कर रही है जिसमे शारीरिक मानसिक व आध्यात्मिक स्वास्थ्य शामिल है ।

## भाजपा मंडल ने रोपा 'एक पेड़ मां के नाम' राजेश्वरी गार्डन में किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




भारतीय जनता पार्टी नर्मदापुर मंडल द्वारा राजेश्वरी गार्डन परिसर में पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संरक्षण के प्रति अपनी सहभागिता के उद्देश्य से ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के तहत पौधरोपण किया।

अपनी माँ की स्मृति में धरती माता को हरियाली चुनरी उड़ाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा विगत वर्ष इस अभियान का प्रारंभ किया गया था। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज्यसभा की सांसद माया नारोलिया, लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, पूर्व विधायक ओम रघुवंशी जी, जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत, अखिलेश खंडेलवाल, विवेक गौर, अजीत मंडलोई, योगेंद्र राजपूत, दीपक महालहा, अर्चना पुरोहित, अमित महाला, नंदकिशोर यादव, नागेंद्र तिवारी, विकास नारोलिया, रोहित गौर, देवेंद्र रूसिया, चंचल राजपूत, सुंदरम अग्रवाल, अमित तिवारी, वंदना चुटीले, कंचन चौकसे, सिमरन रैकवार, रेखा यादव, बंटी परिहार, नरेंद्र पटेल, अशोक कुशराम आदि मौजूद थे।

### कांग्रेस पर्यवेक्षक पहुंचे पिपरिया ब्लॉक

# जिलाध्यक्ष को लेकर हुई रायशुमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष राहुल गांधी प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के द्वारा मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिले में जिला अध्यक्ष की नियुक्ति की जानी है। इसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं उनकी रिपोर्ट आने के बाद छह लोगों की कमेटी भी तैयार की गई है वह कमेटी इनके प्रतिवेदन के पश्चात उनके द्वारा वीडियो फोटो के साथ अच्छे व्यक्ति की पहचान से संबंधित रिकार्ड का भी निरीक्षण करेगी उसके बाद जिला अध्यक्ष की नियुक्ति की जावेगी।

कार्यकर्ता को सशक्त एवं मजबूत बने जावेगा इस तरह से जिला अध्यक्ष को भी सशक्त एवं मजबूत बनाया जावेगा। एक निजी गार्डन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी केंद्रीय पर्यवेक्षक पूर्व आईपीएस अधिकारी एवं सांसद बिहार राज्य से अजय कुमार अवधेश सिसोदिया भूपेंद्र सिंह मुहासा आदि को भेजा गया था। जिसमें मुख्य रूप से संगठन के स्त्रजन के रूप में हरीश चौधरी एवं प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा पिपरिया विधानसभा का भी दौरा किया गया प्रदेश अध्यक्ष ने आते ही जातिगत जनगणना के नायक राहुल गांधी के नारे लगाए सभी कांग्रेसियों से नारे लगवाए।



**खबर संक्षेप**

### कांग्रेस की राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग एडवाइजरी काउंसिल में अरुण यादव सदस्य

**खंडवा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को पिछड़ा वर्ग समुदायों के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक सशक्तीकरण के उद्देश्य से राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग एडवाइजरी काउन्सिल का गठन किया है।



जिला कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने जानकारी दी कि मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री अरुण यादव को इस काउन्सिल का सदस्य नियुक्त किया गया है। 22 सदस्यीय इस विशेष काउन्सिल में देशभर से कांग्रेस के वरिष्ठ पिछड़ा वर्ग नेताओं को शामिल किया गया है। यह काउन्सिल कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के मार्गदर्शन में कार्य करेगी और ओबीसी से जुड़े मुद्दों पर रणनीतिक दिशा निर्देश देगी। काउन्सिल में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, राजस्थान के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट, बीके हरिप्रसाद, गुरदीप सप्पल, अरुण यादव, वी नारायणस्वामी, अमित चावड़ा, महेश गौड़, वीरप्पा मोइली, पूनम प्रभाकर, श्रीकांत जेना, अजय कुमार लल्लू, सुभाषिनी यादव, एस ज्योतिमणि, विजय वेट्टीवार, धर्मेंद्र साहू, हिना कावरे और अदूर प्रकाश को सदस्य बनाया गया है। इस काउन्सिल के कन्वेनर एआईसीसी ओबीसी विभाग के चेयरमेन अनिल जयहिन्द और सचिव जितेन्द्र बघेल हैं। मध्यप्रदेश के ओबीसी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अरुण यादव को सदस्य बनाए जाने पर कांग्रेस नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

### अवैध रेत भंडारण पर 1.57 लाख का अर्थदंड

**हरदा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सिद्धार्थ जैन ने बिना रायल्टी गौण खनिज भण्डारण करने पर कांट्रेक्टर अंकुर चौहान निवासी ब्रिज के पास आशापुर तहसील नया हरसूद जिला खण्डवा पर खनिज नियम 2022 के तहत 78 हजार 750 रूपये का अर्थदण्ड तथा पर्यावरण क्षतिपूर्ति की राशि 78 हजार 750 रूपये, इस प्रकार कुल 1 लाख 57 हजार 500 रूपये की राशि अधिरोपित की है। उल्लेखनीय है कि नायब तहसीलदार खिरकिया द्वारा वर्ष 12 अक्टूबर 2023 कांट्रेक्टर अंकुर चौहान के विरूद्ध रेत के अवैध भण्डारण का प्रकरण दर्ज किया गया था। कलेक्टर जैन ने संबंधित ठेकेदार को अर्थदण्ड की राशि 157500 रूपये तथा प्रशमन शुल्क एक हजार रूपये चालान द्वारा जमा करने के निर्देश दिये है। साथ ही संबंधित कांट्रेक्टर को अपना पक्ष समर्थन के लिये 30 जून के पूर्व न्यायालय में उपस्थित होने के निर्देश दिये गये है। उपस्थित नहीं होने की स्थिति में संबंधित के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

### दो हादसों में दो युवकों की मौत, जांच जारी

**हरदा।** शुक्रवार को दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पहला हादसा सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम बूंदड़ा में हुआ। यहां ब्रिज निर्माण स्थल पर एक मजदूर की ट्रैक्टर दुर्घटना में मौत हो गई। घटना के समय ब्रिज पर 15-20 मजदूर काम कर रहे थे। ठेकेदार का ट्रैक्टर सरिया ढुलाई का काम कर रहा था। ड्राइवर के खाना खाने जाने के दौरान, बैतूल के ग्राम भाड़वा निवासी 32 वर्षीय प्रेम कबड़े ने रिवर्स गियर में खड़े ट्रैक्टर को चालू कर दिया। ट्रैक्टर पीछे की ओर चलकर पुल से नीचे गिर गया। प्रेम ट्रैक्टर के नीचे दब गया। साथी मजदूरों ने पोकलेन मशीन से प्रेम को निकाला और जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रेम पिछले डेढ़ महीने से यहां काम कर रहा था। दूसरा हादसा छीपाबड़ थाना क्षेत्र में जूनापानी और गोपालपुर के बीच हुआ। तीन लोग एक बाइक पर सवार थे। तेज रफ्तार बाइक के फिसलने से एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई। दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खिरकिया ले जाया गया। बेहोश होने के कारण घायलों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मृतक और घायलों की पहचान में जुटी है।

## पंचकल्याणक महोत्सव का समापन, नगर में निकली शोभायात्रा

# भगवान की प्राण प्रतिष्ठा-मंदिर का लोकार्पण वेदी पर विराजमान हुए भगवान पारसनाथ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

टिमरनी में जैन समाज के पाषाण से भगवान बनाने का महोत्सव श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक महोत्सव का आज भगवान के मोक्ष प्राप्ति के साथ हर्षोल्लास से समापन हो गया। मुनिश्री निर्णयसागर महाराज के सान्निध्य में प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी वाणी भूषण विनय भैय्या बंडा ने मोक्ष कल्याणक के बाद भी धार्मिक क्रियाओं को संपन्न करवाया। निर्णयसागर महाराज ने भगवान की प्रतिमाओं को सूर्य मंत्र देकर प्रतिष्ठा की। इस अवसर पर मोक्षकल्याणक की मांगलिक क्रियाएं हुईं। सुबह ज्ञान कल्याणक पूजन और शांति हवन हुआ। भगवान आदिनाथ को निर्वाण प्राप्ति हुई। अग्नि कुमार देवों का आगमन हुआ। नख-केश विसर्जन, सिद्ध गुणारोपण विधि, सिद्ध पूजन और मोक्ष कल्याणक पूजन के साथ विश्व शांति महायज्ञ हुआ। पंचकल्याणक समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र जैन एवं कोषाध्यक्ष राजीव जैन ने बताया कि दोपहर में गजरथ शोभायात्रा निकाली गई। इसमें भगवान के माता-पिता, सौधर्मेंद्र, कुबेर, विधिनायक और समस्त इंद्र रथों पर सवार थे। श्रीजी की प्रतिमाओं को नगर में भ्रमण कराते हुए नवनिर्मित पाषाण के जिनालय में ले जाकर मार्बल की वेदि पर विराजमान किया गया। श्रीजी की शोभायात्रा टिमरनी नगर के लिए ऐतिहासिक बन गई, शोभायात्रा में गजराज, रथ, बग्गी, पालकी के सिलवानि से आये जैन नवयुवक संघ का दिव्य बैंड ओर अखाड़ा चल रहा था। शोभायात्रा में शामिल मुनिश्री के नगर की समस्त समाजों द्वारा चरण प्रक्षालन कर एवं भगवान की आरती उतारी। नगर कि जैन समाज के ऐतिहासिक पंचकल्याणक महोत्सव को टिमरनी जैन समाज के अध्यक्ष दीपक जैन के साथ उनकी टीम के कुबेर जैन राजेश जैन पुखराज जैन अर्पित जैन आयुष जैन पारस जैन प्रखर जैन प्रियंक जैन यश भारत जैन क्षितिज जैन शीर्ष जैन, उदित उद्देश्य जैन सहित हरदा जैन समाज के सरगम जैन, संजय जैन, राहुल जैन, आकाश जैन शामिल थे।

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज**

## जिला स्तरीय योग कार्यक्रम में शामिल होंगी राज्यमंत्री कृष्णा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक योग प्रदर्शन के लिये लोक शिक्षण संचालनालय ने दिशा निर्देश जारी किये है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बताया कि हरदा में जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित किया गया है। उन्होंने अधिकारी कर्मचारियों को प्रातः 5.45 बजे कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी - एक स्वास्थ्य के लिये योग रखी गई है।

*शिक्षण संस्थाओं में होंगे सामूहिक योगाभ्यास के कार्यक्रम*

हरदा में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की राज्यमंत्री कृष्णा गौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। राज्यमंत्री कृष्णा गौर शुक्रवार की रात भोपाल से हरदा पहुंचेंगी। वे सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम के बाद 21 जून को सुबह 6 बजे योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेंगी। कार्यक्रम के बाद वे भोपाल के लिए रवाना हो जाएंगी। जारी निर्देशों में कहा गया है कि शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक योग प्रदर्शन के लिये आयुष मंत्रालय के कॉमन योग प्रोटोकॉल का पालन किया जायेगा। संपूर्ण प्रदेश में निर्धारित समय सारणी के अनुसार योग कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जारी समय सारणी अनुसार शिक्षण संस्थाओं में विद्यार्थियों एवं अन्य सहभागी गण प्रातः 6 बजे के पूर्व उपस्थित होंगे। विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाने हेतु विद्यालयों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएगी।

## विद्यालयों में विधिक साक्षरता कार्यक्रम हुआ

# छात्र-छात्राएं शिक्षा के माध्यम से करते हैं अपने उज्जवल भविष्य का निर्माणः भावे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खण्डवा के अध्यक्ष व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ममता जैन के मार्गदर्शन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खंडवा के सचिव शपियूष भावे की अध्यक्षता में शुक्रवार को शासकीय माध्यमिक विद्यालय छैगांवदेवी व संदीपनि शासकीय माध्यमिक उच्चतर माध्यमिक स्कूल छैगांवमाखन में विधिक साक्षरता कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापकगण पैरालीगल वालंटियर्स मनोज वर्मा व दीपक लाड उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पियूष भावे ने शिविर में उपस्थित छात्र छात्राओं से कहा कि शिक्षा वह माध्यम है, जिससे व्यक्ति अपने उज्जवल भविष्य का निर्माण करता है। शिक्षित व्यक्ति स्वयं व अपने परिवार को उन्नति मार्ग का रास्ता प्रशस्त करता है। इसलिए हम सभी को विद्यार्थी जीवन में शिक्षा के महत्व को समझना है। इसी के साथ उनके द्वारा छात्र छात्राओं को नालसा व सालसा की योजना, पॉक्सो एक्ट, गुड टच बेड टच, विधिक सेवा योजना, घरेलू हिंसा आदि विभिन्न जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम का संचालन पैरालीगल वालंटियर्स मनोज वर्मा द्वारा किया गया।

# मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने प्रदेश स्तरीय गोशाला सम्मेलन में हरदा जिले के गोसेवकों को किया सम्मानित

## मुख्यमंत्री निवास भोपाल में कार्यक्रम किया गया था आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



मुख्यमंत्री निवास, भोपाल में आयोजित हुए प्रदेश स्तरीय गोशाला सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गौ सेवा और पशुधन संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को आचार्य विद्यासागर जीवदया गोसेवा सम्मान योजना के तहत सम्मानित किया। इस अवसर पर हरदा जिले के तीन प्रमुख पुरस्कार विजेताओं को उनकी अनुकरणीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि गौ सेवा हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है और ऐसे प्रयास समाज में पशु कल्याण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण हैं।

उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. एस.के. त्रिपाठी ने बताया कि इस दौरान हरदा जिले के किसान सुजीत शर्मा को वर्ष 2023-24 के लिए व्यक्तिगत पुरस्कार श्रेणी के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपये प्रदान किये गये। शर्मा को यह सम्मान उनके व्यक्तिगत स्तर पर गौ सेवा के प्रति अदम्य समर्पण के लिए मिला। इसी प्रकार श्री दयोदय पशुधन संरक्षण समिति, बैरागढ़, हरदा को वर्ष 2022-23 के लिए संस्थागत श्रेणी में सांत्वना पुरस्कार पचास हजार रुपये से नवाजा गया। समिति ने पशुधन संरक्षण और गौ सेवा में सराहनीय योगदान दिया है। इसके अलावा सीताराम रामचंद्र गोशाला, हरदा को वर्ष 2023-24 के लिए संस्थागत श्रेणी में सांत्वना पुरस्कार पचास हजार रुपये प्रदान किये गये। गौशाला ने गौवंश के कल्याण और देखरेख में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उप संचालक डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि यह सम्मान गौ सेवा के प्रति इन व्यक्तियों और संस्थाओं के अथक प्रयासों और प्रतिबद्धता का परिचायक है।

**जिला चिकित्सालय में बैठक आयोजित**

# एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन को लेकर की गई समीक्षा



**खंडवा।** डीएचएस के निर्देशों के तहत शुक्रवार को दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय सह नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खंडवा में नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्यूएएस) सर्टिफिकेशन हेतु समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत के सीईओ नागार्जुन बी गौड़ा ने की। बैठक में नोडल अधिकारी और नर्सिंग ऑफिसर शामिल हुए। सीईओ ने विभागवार प्रिस्क्रिप्शन, मेडिकल, रेफरल और एलएससीएस चेकलिस्ट के अनुसार मूल्यांकन कर कमियों की समीक्षा की और उन्हें समय रहते दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि आगामी 6 माह में संस्थान को क्वालिफाइड करना अनिवार्य है। इसके लिए सभी नोडल अधिकारी और स्टाफ को अपने विभाग का चेकलिस्ट के अनुसार आकलन कर कमियों का प्रतिशत निकालने और सुधार करने पर जोर देना होगा।

**योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश**

उन्होंने जिला चिकित्सालय और मेडिकल कॉलेज को आपसी तालमेल से योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर, सर्विस और स्टाफ की जरूरतों के लिए डिमांड लिस्ट तैयार करने पर बल दिया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ओपी जुगतावत, सिविल सर्जन अनिरुद्ध कौशल, आरएमओ एम कलमे, शिशु रोग विशेषज्ञ भूषण बांडे, अतुल माने, पंकज जैन, हेमंत गर्ग, स्त्री रोग विशेषज्ञ लक्ष्मी डूडवे, निशा पवार, गरिमा अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी और नर्सिंग ऑफिसर उपस्थित रहे।

## जिला अस्पताल में स्वस्थ होने पर दी गई छुट्टी

# समय से पूर्व जन्मे बच्चे का था दोगुना वजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

जिला अस्पताल खंडवा के पीकू वार्ड में समय से पूर्व जन्मे एक नवजात शिशु का वजन अस्पताल की टीम की देखरेख में दोगुना हुआ और बच्चा स्वस्थ होकर डिस्चार्ज किया गया।

जानकारी के अनुसार खड़कपुरा निवासी जैनब पति अकीब को गर्भावस्था में झटके आने पर परिजन निजी अस्पताल ले गए थे, जहां समय से पहले प्रसव हुआ और बच्चे का वजन 700 ग्राम पाया गया। बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए परिजन उसे जिला अस्पताल खंडवा लेकर पहुंचे। यहां शिशुरोग विशेषज्ञ कृष्णा वास्केल ने जांच के बाद नवजात को गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती कर उपचार शुरू किया। लगभग एक माह तक एसएनसीयू में उपचार के दौरान



बच्चे का वजन बढ़ना शुरू हुआ। इसके बाद पीकू वार्ड में भर्ती करते समय बच्चे का वजन 750 ग्राम था।पीकू वार्ड में शिशुरोग विशेषज्ञ दीपक पंचोरे द्वारा बच्चे की नियमित जांच और निगरानी की गई। 15 दिन तक बच्चे को ओरल सिरप देकर उसका उपचार किया गया, जिससे वजन बढ़कर 1400 ग्राम हो गया। नर्सिंग स्टाफ हिना खान, शिवानी राठी और सुशीला कास्डे ने बच्चे को इनक्यूबेटर पर रखकर लगातार निगरानी की और देखभाल की। बच्चे के माता-पिता ने अस्पताल की व्यवस्थाओं और स्टाफ की सेवाओं की प्रशंसा की और पुष्पगुच्छ भेंट कर टीम का आभार जताया। परिजनों ने बताया कि बच्चे की जान बचाने में अस्पताल की भूमिका अहम रही।

## धरती आबा अभियान के तहत शिविर लगाकर 1360 हितग्राहियों को किया लाभान्वित

# अभियान के तहत की जा रही शिविरों की मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के चौथे दिन जिले के चिन्हित गांवों में शिविर लगाकर 1360 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं से लाभान्वित किया गया। शिविरों में आए हितग्राहियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। शिविरों में हितग्राहियों का आयुष्मान भारत योजना, केसीसी योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, मातृवंदना योजना, बाल आशीर्वाद योजना, तेंदूपत्ता संग्रहण एवं बोनस योजना, एकलव्य योजना, दिव्यांग पेंशन प्रोत्साहन योजना, कल्याणी पेंशन योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, विश्वकर्मा योजना, पीएम सूर्यघर योजना, घरेलू कनेक्शन सब्सीडी योजना, पांच रूपये में नवीन विद्युत कनेक्शन योजना, पीएम आवास योजना सहित अनेक योजनाओं के लिए पंजीयन किया गया। पात्रतानुसार सभी पात्र हितग्राहियों को इन योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा।



इसके साथ ही अभियान के तहत सभी पात्र हितग्राहियों का आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी, ई-केवायसी, जाति प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रोफाइल पंजीयन एवं बैंक खाता खोलना सहित अनेक सेवाओं के लिए पंजीयन भी किया गया। कलेक्टर बालागुरू के ने इस अभियान के तहत चिन्हित किए गए सीहोर जिले के 80 गांवों के जनजातीय समुदाय के नागरिकों से अभियान के तहत दिनांकवार लगने वाले शिविरों में उपस्थित होने और योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने अपील की है कि सभी पात्र हितग्राही शिविरों में उपस्थित हों और पात्रतानुसार शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ लें, ताकि जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों का भी निरंतर विकास हो सके और कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उल्लेखनीय है कि जनजातीय आबादी के लिए समान अवसरों का सृजन, सामाजिक-आर्थिक स्तर का विकास, बुनियादी ढांचे में सुधार और स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आजीविका के क्षेत्र में ठोस प्रगति के उद्देश्य से जिले में संचालित किए जा रहे। सीहोर जिले के चिन्हित 80 गांवों में 15 से 30 जून तक दिनांकवार शिविर लगाए जा रहे हैं। 19 जून को भैरूंदा जनपद के ग्राम इटावा खुर्द, पिपलानी, घुटवानी, हमीदगंज, बोरखेडा खुर्द, मंजीखेडी, बसंतपुर पांगरी, छापरी, कुरी नयापुरा, रफीकगंज, कोसमी में शिविर लगाए गए।

### कॅरियर बनाने युवाओं को दिया मार्गदर्शन

**सीहोर।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा सीहोर स्थित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कॅरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। कॅरियर काउंसलिंग में युवाओं को इंडियन एयरफोर्स में अग्निवीर वायु भर्ती में कैरियर बनाने के संबंध में जानकारी दी गई। एयरफोर्स भर्ती अधिकारी केप्टेन आसुतोष द्वारा जुलाई में होने वाली भर्ती के संबंध में युवाओं को मार्गदर्शन दिया गया एवं भर्ती की तैयारी के लिए प्रोत्साहित किया गया। जुलाई में अग्निवीर वायु की भर्ती के आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किये जायेंगे, जिसमें साढ़े 17 वर्ष से 21 वर्ष आयु के 10वी, 12वी, स्नातक पास युवा आवेदन कर सकते है। इंडियन एयर फोर्स की बेवसाइट https.//agni-pathvayu cdac.in पर विजिट किया जा सकता है।